# कोटा में पांच दिन से धरने पर बैठा पुजारी परिवार, नहीं मिला न्याय

**कोटा,** (निसं)। एक पुजारी परिवार न्याय की आस में पिछले पांच दिनों से जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय के बाहर बरसात में धरने पर बैठा है। परिवार का आरोप है कि प्रशासन और सरकार उनकी समस्याओं की अनदेखी कर रही हैं। इस मुद्दे को लेकर ब्राह्मण कल्याण परिषद ने भी धरना स्थल पर पहुंचकर आरती की और परिवार के समर्थन में अपनी आवाज बुलंद की।

- **पुजारी ने बताया कि दबंगों द्वारा उन्हें उनके पुजारी के अधिकार से वंचित किया जा रहा है**
- **जान से मारने की धमकी दी जा रही है**



**कोटा जिला कलेक्ट्रेट पर पुजारी परिवार धरने पर बैठा हुआ है। इस दौरान ब्राह्मण कल्याण परिषद ने धरना स्थल पर आरती की।**

**न्याय की तलाश में पुजारी परिवार:-** धरने पर बैठे पुजारी धर्मेंद्र दाधिच ने बताया कि दबंगों द्वारा उन्हें उनके पुजारी के अधिकार से वंचित किया जा रहा है और जान से मारने की धमकी दी जा रही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि करणवीर सिंह पिछले 5 वर्षों से मंदिर की संपत्ति का उपयोग अपने निजी आय के रूप में कर रहे हैं और मंदिर की जमीन पर कब्जा कर लिया है और प्रशासन इस मामले में कोई कदम नहीं उठा रहा है। परिवार के मुखिया ने कहा, ष्हमारे पास सारे कानूनी दस्तावेज हैं, लेकिन प्रशासन हमारे मामलों को नजरअंदाज कर रहा है। हम न्याय पाने के लिए मजबूर होकर धरने पर बैठे हैं।

परिवार का कहना है कि उन्होंने कई बार प्रशासनिक अधिकारियों से मुलाकात की, लेकिन हर बार उन्हें केवल आश्वासन ही मिला। परिवार के सदस्यों का कहना है कि प्रशासन के इस रवैये से वे हताश हो गए हैं और धरने पर बैठने का फैसला किया है।

**ब्राह्मण कल्याण परिषद का समर्थन:-** धरना स्थल पर ब्राह्मण कल्याण परिषद के संयोजक अनिल तिवारी के साथ धर्मेंद्र दीक्षित, तुलसीराम शर्मा, रोहित दाधीच, बुद्धि दाधीच, गोविंद नारायण शर्मा, विनीत बाजपेई, राकेश शर्मा, भारत उपाध्याय, बृजेश कांत शर्मा, मनमोहन शर्मा कई सदस्य भी पहुँचे और उन्होंने परिवार के साथ धरना स्थल पर ही भगवान की आरती की। अनिल तिवारी ने कहा, 'हम इस पुजारी परिवार के संघर्ष को न केवल समझते हैं, बल्कि पूरी तरह से समर्थन भी करते हैं। यह बहुत ही दुखद है कि सरकार और प्रशासन इस परिवार की समस्याओं को हल करने में असफल रहे हैं।

# डी.आर.एम. ने कोटा-बून्दी सेक्शन का संरक्षा विंडो ट्रेलिंग का निरीक्षण किया

**कोटा,** (निसं)। मंडल के 17 स्टेशनों का अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत पुनर्विकास कार्य किया जा रहा है। जिसकी कुल लागत 356.85 करोड़ है। पुनर्विकास कार्यों की प्रगति का नियमित निरीक्षण मंडल रेल प्रबंधक मनीष तिवारी द्वारा किया जा रहा है। जिससे कार्य गुणवत्तायुक्त तीव्र गति से पूर्ण किया जा सके। इसी क्रम में दिनांक 13 जुलाई को डीआरएम ने कोटा-बून्दी खण्ड का विन्डो ट्रेलिंग संरक्षा निरीक्षण किया। इस निरीक्षण में डीआरएम ने उक्त खण्ड पर संरक्षा पहलुओं का निरीक्षण किया।

डीआरएम के साथ निरीक्षण में संबंधित विभाग के शाखा अधिकारी तथा पर्यवेक्षक मौजूद रहे। विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण के दौरान गाड़ी संचालन से जुड़े सभी संरक्षा मानकों, ट्रैक, ब्रिजों, ओएचई एवं समपार फाटकों का अवलोकन किया। इसके अतिरिक्त डीआरआर ने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत बून्दी एवं माडलगढ़ स्टेशनों पर चल रहे पुनर्विकास कार्यों की प्रगति का निरीक्षण कर जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को पुर्नविकास कार्यों में तीव्रता एवं गुणवत्ता के साथ नियत समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। बून्दी स्टेशन का 7.82 करोड़ तथा मांडलगढ़ स्टेशन का 4.48 करोड़ की लागत से विकास कार्य किया जा रहा है। जिसमें स्टेशन परिसर के सौन्दर्यीकरण, प्रवेश द्वार का निर्माण कार्य, यात्री प्रतीक्षालय की उन्नति एवं शौचालयों का सुधार का कार्य शामिल है। निरीक्षण के दौरान अपर मंडल रेल प्रबंधक आर आर के सिंह, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक रोहित मालवीय, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वय) संजय यादव, मीना, वरिष्ठ मंडल विधुत इंजीनियर (टीआरडी) एम.एस.मीना, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर सामान्य धर्मेन्द्र कस्तवार एवं मंडल सुरक्षा आयुक्त सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



**डी.आर.एम. मनीष तिवारी ने बून्दी एवं मांडलगढ़ रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास कार्यों का जायजा लिया।**

## 'शब्दों का चयन आपके चरित्र की परिभाषा है'

**कोटा,** (निसं)। चंद्र प्रभु दिगम्बर जैन समाज समिति की द्वारा श्रमण श्रतुसंवेगी आदित्य सागर मुनिराज संघ का भव्य चातुर्मास के प्रथम दिन जैन मंदिर रिद्धि-सिद्धि नगर कुन्हाड़ी में अध्यात्म विशुद्ध ज्ञान पावन वर्षायोग में श्रमण श्रतुसंवेगी आदित्य सागर मुनिराज ने अपने ज्ञान की वर्षा भक्तों पर की। इस अवसर पर अप्रमित सागर और मुनि सहज सागर महाराज संघ का सानिध्य भी प्राप्त हुआ। गुरुदेव ने नीति प्रवचन करते हुए कहा कि शब्दों के महत्व को समझाया। शब्दों का चयन गलत हो तो युद्ध हो जाता है और सही हो तो मैत्री बन जाती है। शब्दों का चयन सोच विचार कर करें। शब्द का महत्व बहुत होता है यह जहर के समान भी होते और आपके लिए औषधि का काम भी कर सकते है। शब्दों का चयन हमें सोच विचार कर करना चाहिऐं क्योंकि यह आपके विचार, मन, चरित्र का प्रमाण होते है, और परिभाषित करते है। उन्होंने कहा कि जिनेन्द्र भगवान के शब्द ही सरस्वती है। यह मनुष्य के लिए औषधि का कार्य करते है। इस लिए जिनवाणी का श्रवण, मनन और इसे प्रसारित करने का श्रम करें। उन्होंने कहा कि जिनवाणी का स्थान गुरु से भी ऊपर होता है क्योंकि जिनवाणी गुरु को बताती है कि उन्हे क्या करना है। इसलिए क्रम अनुसार देव, शास्त्र व गुरू होते है।

# कोटा में लगी राष्ट्रीय लोक अदालत, हजारों प्रकरणों का हुआ निस्तारण

**कोटा,** (निसं)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार एवं जिला एवं सेशन न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कोटा सत्यनारायण व्यास के निर्देशन व मार्गदर्शन में शनिवार को इस वर्ष की द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जिला मुख्यालय पर संबंधित न्यायालयों एवं एडीआर सेन्टर कोटा में किया गया, तथा तालुका स्तर पर रामगंजमण्डी, इटावा, दीगोद एवं सांगोद, कनवास में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया।



**कोटा में आयोजित हुई राष्ट्रीय लोक अदालत में हजारों प्रकरणों का निस्तारण किया गया।**

उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में सभी प्रकार के राजीनामा योग्य लगभग 44247 लंबित मामले एवं प्रीलिटिगेशन के लगभग 61404 मामले सुनवाई हेतु रखे गए। जिसमें राजस्व विवाद, उपभोक्ता विवाद, अन्य अधिकरणो आयोग, मंचो, आथोरिटी, आयुक्त, प्राधिकारियों के क्षेत्राधिकार से सबंधित प्रकरण, शमनीय दाण्डिक अपराध, चैक अनादरण के मामलें, बैंक वसूली मामले, मोटर दुर्घटना मामले, एम.ए.सी.टी. मामले, पारिवारिक विवाद, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण मामले बिजली, पानी व बी.एस.एन.एल.के बिल के राजीनामा योग्य मामले, फसल बीमा, बेरोजगारी भत्तो से संबंधित मामले, मजदूरी, भत्ते और पेंशन भत्तों से संबंधित सेवा मामले, किराया, सुखाधिकार, निषेधाज्ञा एवं विनिर्दिष्ट पालना आदि दावो से सम्बंधित सिविल दावे आदि निस्तारण हेतु रखे गए।

राष्ट्रीय लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन प्रकरणों, विभिन्न न्यायालयों एवं राजस्व विवाद, उपभोक्ता विवाद, एवं अन्य अधिकरणो आयोग, मंचो, आथोरिटी, आयुक्त, प्राधिकारियों के क्षेत्राधिकार से सबंधित लम्बित प्रकरणों हेतु कोटा मुख्यालय पर 11 बैंचों का गठन किया गया तथा इसी प्रकार उक्त मामलो हेतु तालुका स्तर पर 6 बैंचो का गठन किया गया जिनमें 2 बेंच रामगंजमण्डी, 1 बेंच दीगोद में तथा 1 इटावा, 1 बेंच सांगोद में एवं 1 बेंच कनवास में गठित की गयी। कोटा मुख्यालय पर विभिन्न बैंकों तथा वित्तीय बैंकिंग संस्थाओं के ऋण वसूली से संबंधित तथा बिजली विभाग, बीएसएनएल आदि के बकाया बिलों के वसूली मामलों आदि प्रीलिटिगेशन के प्रकरणों को आपसी समझाईश से निस्तारण हेतु रखे गये। उक्त मामलों में पूर्व से ही इस कार्यालय से पक्षकारों को उपस्थिति हेतु नोटिस जारी किए गए थे तथा एडीआर सेन्टर में पैनल अधिवक्तागण द्वारा नियमित रूप से पक्षकारान् की प्रि-काउन्सलिंग की गयी और आपसी समझाईश एवं सहमति से प्रकरण निस्तारण के प्रयास किए गए जिस पर अनेको पक्षकारों द्वारा लोक अदालत के माध्यम से अपने प्रकरणों का निस्तारण कराने हेतु एडीआर सेन्टर जिला न्यायालय परिसर कोटा पर उपस्थित होकर अपने प्रकरणों को निस्तारित करवाने का प्रयास किया गया तथा विभिन्न न्यायालयों में लंबित प्रकरणों हेतु पक्षकारों की आपसी समझाईश लोक अदालत हेतु गठित विभिन्न बैंचों के अध्यक्ष एवं सदस्यों द्वारा की गई।

आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में कोटा जिले में लंबित प्रकरणों के कुल 25615 प्रकरण एवं राजस्व प्रकरणो सहित प्री-लिटीगेशन के 48592 मामले निस्तारित किए गए। इस प्रकार कुल 74207 मामले निस्तारित किए गऐं। उक्त समस्त प्रकरणों में उभयपक्षकारान् द्वारा आपसी समझाईश से विभिन्न प्रकरणों का राजीनामा द्वारा निस्तारण कर कई विवादों को समाप्त कराया गया।

उक्त लोक अदालत हेतु लोक अदालत की सभी बैंचो के अध्यक्ष एवं सदस्यों द्वारा पूर्ण सक्रियता एवं उत्साह से अपना योगदान देकर अधिकाधिक प्रकरणों के निस्तारण में सहयोग दिया।

## समारोह में 21 सफाई कर्मियों का सम्मान

**कोटा,** (निसं)। भारत विकास परिषद माधव शाखा द्वारा संस्कृति सप्ताह समारोह का आज शुभारंभ किया गया इस अवसर पर 21 सफाई कर्मियों का सम्मान शाखा द्वारा किया गया माधव शाखा के सचिव अनिल सक्सेना ने बताया कि सम्मान समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत विकास परिषद के पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री श्याम शर्मा थे अध्यक्षता क्षेत्रीय सचिव किशन पाठक ने की, विशिष्ट अतिथि प्रांतीय अध्यक्ष रवि प्रकाश विजय एवं प्रांतीय गुरु वंदन प्रकल्प प्रभारी योगेंद्र शर्मा रहे।

इस अवसर पर अपने संबोधन में पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री श्याम शर्मा ने कहा कि स्वच्छता कर्मियों का सम्मान करना हम सभी के लिए गौरव की बात है जहां स्वच्छता होती है वहां ईश्वर भी निवास करते है। स्वच्छता के कार्य में जो अपना सबसे ज्यादा योगदान दे रहें है, वे सफाई कर्मचारी है। बिना समय की परवाह किए सफाई करने वाले ही ऐसे महिला व पुरूष कर्मचारी है जो सड़कों, नालियों एवं नालों की सफाई व्यवस्था में जुटे नजर आते है और वातावरण को स्वच्छ करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देते हैं ऐसे सफाई सैनिकों का सम्मान करके हम सभी गौरवान्वित महसूस करते हैं उन्होंने आमजन से भी आह्वान किया की हम भी हमारे आसपास स्वयं इन बातों का ध्यान रखें एवं पर्यावरण को स्वच्छ बनाने में अपने शहर को, मोहल्ले को स्वच्छ बनाने में अपना योगदान दें, भारत विकास परिषद की क्षेत्रीय सचिव किशन पाठक ने कहा कि देश को स्वच्छ रखने में सफाईकर्मियों का महत्वपूर्ण योगदान है, स्वच्छता की शुरुआत अपने से अपने समाज तक जाना है, हम स्वयं भी स्वच्छता का ध्यान रखें और दूसरे लोगों को भी स्वच्छता के लिए जागरूक करें, प्रांतीय अध्यक्ष रवि प्रकाश विजय ने कहा कि माधव शाखा द्वारा स्वच्छता कर्मियों के सम्मान का कार्यक्रम सराहनीय प्रयास है सामाजिक समरसता का यह श्रेष्ठ उदाहरण है स्वच्छता कमी देश की धरोहर हैं जो इस सबसे कठिन कार्य को करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देते हैं, प्रांतीय गुरु वंदन प्रकल्प प्रभारी योगेंद्र शर्मा ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया, इस अवसर पर अतिथियों द्वारा सभी स्वच्छता कर्मियों को दुपट्टा उड़ा कर, शॉल उड़ाकर एवं उपहार भेंटकर सम्मानित किया गया, कार्यक्रम के प्रारंभ में भारत माता, विवेकानंद, एवं गुरुजी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की गई, शाखा के पदाधिकारिओ द्वारा अतिथियों का दुपट्टा ओढ़ाकर स्वागत किया गया, कार्यक्रम के प्रारंभ में राष्ट्रगीत वंदे मातरम प्रान्तीय मीडिया प्रभारी चंद्र प्रकाश नागर ने किया, स्वागत उद्‌बोधन माधव शाखा अध्यक्ष लहरी शंकर गौतम ने दिया।

# भाजपा प्रदेश कार्यसमिति बैठक में कोटा शहर से जनप्रतिनिधि एवं भाजपा पदाधिकारी सम्मिलित हुए

**कोटा,** (निसं)। भाजपा कोटा शहर जिलाध्यक्ष राकेश जैन के नेतृत्व में कोटा शहर से सूचीबद्ध अपेक्षित पदाधिकारी, जेईसीसी सभागार, सीतापुरा, टोंक रोड़ जयपुर में आयोजित भाजपा वृहद् प्रदेश कार्यसमिति बैठक में सम्मिलित होने के लिए बड़ी संख्या में 50 से अधिक निजी वाहनों एवं बसों से जयपुर पहुंचे। जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने बताया कि वृहद् प्रदेश कार्यसमिति बैठक में भाजपा की आगामी कार्ययोजना का रूटमैप बनाया गया। जिसमें विधानसभा के उपचुनाव, नगर निकायों व पंचायत राज के चुनावों को लेकर प्लानिंग शामिल हैं। पार्टी के केन्द्रीय नेतृत्व की ओर से कृषि मंत्री शिवराज चौहान व भाजपा राष्ट्रीय महासचिव दुष्यंत गौतम शामिल हुए। राजस्थान से केन्द्र सरकार में बनाये गये चार मंत्रियों का अभिनंदन किया गया। प्रदेश कार्यसमिति बैठक में कोटा शहर से प्रदेश उपाध्यक्ष मोतीलाल मीणा, प्रदेश मंत्री अनुसुइया गोस्वामी, कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा, लाडपुरा विधायक कल्पना देवी, जिलाध्यक्ष राकेश जैन, पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार सोनी, महापौर राजीव भारती, नेता प्रतिपक्ष विवेक राजवंशी, डेयरी चेयरमेन चौनसिंह राठौड़, वरिष्ठ नेता गोविन्द शर्मा, जिला महामंत्री जगदीश जिंदल, मुकेश विजय, चंद्रशेखर नरवाल, जिला उपाध्यक्ष जटाशंकर शर्मा, नेता खण्डेलवाल, रितेश चित्तौड़ा, देवेंद्र राही, जिला मंत्री अंजू बाला सेन, जयदेव सुखेजा, कोषाध्यक्ष मुकेश हरचंदानी, सोशल मीडिया प्रदेश संयोजक मयंक सेठी, मीडिया से अरविंद सिसोदिया आदि सम्मिलित हुए।

## बच्चों को स्कूल बैग बांटे

**कोटा,** (निसं)। भारत विकास परिषद् की मां पन्नाधाय शाखा द्वारा संस्कृति सप्ताह की शुरुआत सेवा कार्य से करते हुए जरूरतमंद बच्चों को 50 स्कूल भेंट किए गए। शाखा की अध्यक्ष कविता शर्मा ने बताया कि वीणा अग्रवाल जी के सहयोग से, स्कूली बच्चों को शिक्षण में सहायता हेतू, स्कूल बैग भेंट किए गए।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भारत विकास परिषद की प्रांतीय संस्कृति सप्ताह प्रभारी डॉ.शालू बिंदल रही।कार्यक्रम का संचालन अक्षय वैष्णव द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि उनकी संस्थान निशुल्क अध्ययान का कार्य वर्षो से कर रही है। ए वी निशुल्क क्लासेस में कक्षा 12 तक बच्चे निशुल्क शिक्षा प्राप्त करते है अधिकांश गाड़ियाँ, लुहार, नट आदि घूमंतुक प्रजाति के बच्चों को यहां निशुल्क शिक्षा दी जाता है। शाखा सचिव प्रीति भटनागर, रचना तोमर, शुभा शर्मा, सरोज वर्मा, चंचल शर्मा उषा शर्मा, मधु सक्सेना, अंजली जैसवाल, इंदिरा गर्ग आदि आदि शाखा के सदस्य कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# माइल स्टोन बनाकर बजट घोषणाओं का क्रियान्वयन करें : प्रभारी सचिव टी. रविकांत

**कोटा,** (निसं)। जिला प्रभारी सचिव टी. रविकांत ने बजट घोषणाओं के लिए हर विभाग को माईल स्टोन तैयार करने एवं उसी के अनुरूप समयबद्ध तरीके से बजट घोषणा की क्रियान्विति करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जो प्रस्ताव विभाग मुख्यालय भेजे जाने हैं वे तैयार कर जल्दी भिजवाएं, ताकि प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृतियां समय पर मिल सकें। प्रभारी सचिव शनिवार को जिला कलेक्ट्रेट के न्यू सभागार में बजट घोषणा 2024-25 की क्रियान्विति के लिए विभागों की तैयारी एवं विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि संभाग एवं जिला स्तर पर पूरी होने वाली बजट घोषणा के लिए तैयार माइल स्टोन में कितने दिनों में कौन-कौन से कार्य होंगे इसकी पूरी जानकारी दी जाऐं।



**कोटा में जिला प्रभारी सचिव ने जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर निर्देश दिए हैं।**

बजट 2024-25 में कोटा में प्रस्तावित बस पोर्ट के लिए उन्होंने कोटा विकास प्राधिकरण, यातायात, परिवहन एवं रोडवेज के अधिकारियों को समन्वय स्थापित कर जगह चिन्हित करने एवं ऐसा मॉडल तैयार करने के निर्देश दिये जिसमें आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हों एवं व्यवसायिक गतिविधियों के लिए भी जगह उपलब्ध हो, ताकि राजस्व अर्जित किया जा सके। कोटा में स्टोन मंडी स्थापित करने की घोषणा के संबंध में उन्होंने उपयुक्त स्थान चिन्हित करने एवं अन्य राज्यों में स्थापित स्टोन मंडी का अवलोकन करने को कहा। सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता को बजट घोषणा से संबंधित एस्टीमेट एवं साइट निरीक्षण जैसे कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिये।

प्रभारी सचिव ने कहा कि जिला स्तर पर टीम गठित कर विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया जाए एवं ड्यूटी के प्रति लापरवाह कार्मिकों के खिलाफ एक्शन लिया जाए। उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों को फील्ड में जाकर प्रभावी मॉनीटरिंग करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि अधिकारी कार्यालयों में आने वाले परिवादियों से अच्छा व्यवहार करें एवं उनकी बात संवेदनशीलता के साथ सुनें।

प्रभारी सचिव ने कोटा में स्पाईनल इंजरी सेंटर स्थापित करने की बजट घोषणा के लिए की गई तैयारियों की जानकारी ली। प्राचार्य मेडिकल कॉलेज संगीता सक्सेना ने बताया कि न्यू मेडिकल कॉलेज परिसर में भूमि चिन्हित कर ली गई है। उन्होंने बताया कि इस सेंटर में 2 आईसीयू एवं 12 बेड की सुविधा होगी। प्रभारी सचिव ने कहा कि वरिष्ठ चिकित्सक प्रतिदिन शाम को वार्डों का निरीक्षण करें एवं व्यवस्थाओं का जायजा लें एवं लापरवाही पाये जाने पर कार्यवाही करें। उन्होंने सीएमएचओ कोटा को डेंगू

- **अधिकारी सुनें संवेदनशीलता से परिवादियों की बात**

एवं मलेरिया सहित अन्य मौसमी बीमारियों के प्रभावी रोकथाम के लिए चिकित्सालयों, सीएचसी-पीएचसी में पर्याप्त दवाएं एवं अन्य संसाधन उपलब्ध कराने, एंटी लार्वा एक्टीविटी एवं जागरूकता सामग्री के माध्यम से आमजन को जागरूक करने के निर्देश दिऐं। प्रभारी सचिव ने संभाग मुख्यालय पर स्पोटर्स कॉलेज की स्थापना एवं प्रत्येक जिले में प्रचलित खेल की अकादमी स्थापित करने की बजट घोषणा की तैयारियों एवं भूमि उपलब्धता के बारे में जानकारी ली। उन्होंने जिला परिषद एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों से पौधारोपण की प्रगति के बारे में पूछा। उन्होंने डीओआईटी के अधिकारियों को सीसीटीवी लगाने के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। जिला प्रभारी सचिव ने मानसून सीजन को देखते हुए ऊर्जा विभाग के अधिकारियों को ढीले तारों को कसने, ट्रांसफार्मर को निश्चित ऊंचाई पर रखने एवं विद्युत जनित हादसों को रोकने के लिए पर्याप्त इंतजाम करने के निर्देश दिए।

## गुरु पूर्णिमा महोत्सव 20 को

**कोटा,** (निसं)। डीडवाना (राजस्थान) स्थित प्राचीन सिद्ध पीठ श्री झालरिया मठ का दिव्य गुरुपूर्णिमा महोत्सव एवं भजन सत्संग प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी जगद्गुरु श्री रामानुजाचार्य श्री श्री 1008 स्वामीजी श्री घनश्यामाचार्य जी महाराज के पावन कृपाशीर्वाद से श्रीराधाकृष्ण मन्दिर, तलवण्डी परिसर में गुरुपूर्णिमा के एक दिन पहले पूर्व संध्या पर शनिवार, 20 जुलाई को मनाया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक डॉ.गोविन्द माहेश्वरी ने बताया कि इस वर्ष कोटा में श्री झालरिया पीठ गुरुपूर्णिमा महोत्सव के आयोजन की रजत वर्षगांठ है। कोटा में 1999 में श्री गुरु महाराज के पावन सानिध्य में सर्वप्रथम गुरुपूर्णिमा महोत्सव आयोजित किया गया, जिसके पश्चात विगत 25 वर्षों से प्रति वर्ष श्री झालरिया पीठ, डीडवाना के स्थानीय हजारों भक्तों द्वारा सामूहिक रूप से गुरुपूर्णिमा महोत्सव मनाया जा रहा है। इस वर्ष भी गुरु पूर्णिमा के एक दिन पहले पूर्व संध्या को रात्रि 8 बजे से भजन सत्संग के साथ भगवान श्री राधा कृष्ण की सन्निधि में गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया जाएगा। कार्यक्रम में सर्वप्रथम सभी भक्तों द्वारा पूर्वाचार्यों एवं गुरु महाराज के चित्रपट का पूजन किया जायेगा। वहीं दूरभाष के जरिए कोलकाता से स्वामी महाराज के आर्शीवचन भी भक्तों को प्राप्त होंगे।


### कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा

क्रमांक-676 **नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना** दिनांक 12.7.2024

नगर विकास न्यास कोटा की आर.के.पुरम, श्रीनाथपुरम आवासीय योजना के भूखण्ड/आवास संख्या R-109 का आवंटन न्यास के पत्र दिनांक 29.09.23 को श्री श्याम सिंह पुत्र श्री केरा सिंह को किया गया था। आवंटी श्री श्याम सिंह की मृत्यु हो चुकी है। मृत्यु उपरान्त आवंटी के विधिक वारिसान श्रीमती मन्थी देवी पत्नि स्व.श्री श्याम सिंह द्वारा प्रस्तुत मृत्यु प्रमाण पत्र, रिलीज डीड, शपथ पत्र, वारिसान शपथ पत्र, आई.डी. इत्यादि प्रस्तुत कर उक्त भूखण्ड/आवास का अपने नाम से नामहस्तान्तरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखण्ड/आवास संख्या R-109 योजना आर.के.पुरम, श्रीनाथपुरम आवासीय का नाम हस्तान्तरण श्रीमती मन्थी देवी पत्नि स्व.श्री श्याम सिंह के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

**उप सचिव, नगर विकास न्यास, कोटा**

### कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा

क्रमांक-677 **नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना** दिनांक 12.7.2024

नगर विकास न्यास कोटा की आर.के.पुरम, श्रीनाथपुरम आवासीय योजना के भूखण्ड/आवास संख्या R-42 का आवंटन न्यास के पत्र दिनांक 29.09.23 को श्री श्याम सिंह पुत्र श्री केरा सिंह को किया गया था। आवंटी श्री श्याम सिंह की मृत्यु हो चुकी है। मृत्यु उपरान्त आवंटी के विधिक वारिसान श्रीमती मन्थी देवी पत्नि स्व.श्री श्याम सिंह द्वारा प्रस्तुत मृत्यु प्रमाण पत्र, रिलीज डीड, शपथ पत्र, वारिसान शपथ पत्र, आई.डी. इत्यादि प्रस्तुत कर उक्त भूखण्ड/आवास का अपने नाम से नामहस्तान्तरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखण्ड/आवास संख्या R-42 योजना आर.के.पुरम, श्रीनाथपुरम आवासीय का नाम हस्तान्तरण श्रीमती मन्थी देवी पत्नि स्व.श्री श्याम सिंह के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

**उप सचिव, नगर विकास न्यास, कोटा**

### कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा

क्रमांक-318 **नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना** दिनांक 12.7.2024

नगर विकास न्यास कोटा की श्रीनाथपुरम-सी आवासीय कम व्यवसायिक योजना के भूखण्ड/आवास संख्या 58 का आवंटन/हस्तान्तरण/रजि. न्यास के पत्र दिनांक 06.03.14 को श्रीमती अनिता अग्रवाल पत्नि श्री पवन अग्रवाल को किया गया था। आवंटी श्रीमती अनिता अग्रवाल पत्नि श्री पवन अग्रवाल द्वारा उक्त भूखण्ड/आवास का जर्ये मुख्तारआम श्री दीपक सिंघल पुत्र स्व.श्री सुन्दर लाल सिंघल द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 11.10.2023 को श्री अंकित कुमार पुत्र श्री गुरूदयाल सिंह को विक्रय कर दिया गया है। क्रेता द्वारा उक्त भूखण्ड/आवास का अपने नामहस्तान्तरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखण्ड/आवास संख्या 58 योजना श्रीनाथपुरम-सी आवासीय कम व्यवसायिक का नाम हस्तान्तरण श्री अंकित कुमार पुत्र श्री गुरूदयाल सिंह के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

**उप सचिव, नगर विकास न्यास, कोटा**

### कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा

क्रमांक-1342 **नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना** दिनांक 11.7.2024

नगर विकास न्यास कोटा की बसंत बिहार केशवपुरा-9 योजना के भूखण्ड/आवास संख्या 752 का आवंटन/हस्तान्तरण न्यास के पत्र दिनांक 02.04.2012 को श्रीमती मधु जैन पत्नि श्री कैलाश जैन को किया गया था। आवंटी श्रीमती मधु जैन पत्नि श्री कैलाश जैन द्वारा उक्त भूखण्ड/आवास का जर्ये मुख्तारआम श्री सुरेश जैन पुत्र श्री भवंर लाल जैन द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 08.05.2024 को श्रीमती हरदेवी छोटवानी पत्नी श्री ईदन दास छोटवानी को विक्रय कर दिया गया है। क्रेता द्वारा उक्त भूखण्ड/आवास का अपने नामहस्तान्तरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखण्ड/आवास संख्या 752 योजना बसंत बिहार केशवपुरा-9 का नाम हस्तान्तरण श्रीमती हरदेवी छोटवानी पत्नी श्री ईदन दास छोटवानी के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

**उप सचिव, नगर विकास न्यास, कोटा**